कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री सुरेश गुर्जर, अधिवक्ता, खारी कोठी, गुर्जर मौहल्ला, दौसा जिला दौसा राजस्थान

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उप पंजीयक लालसोट/उप कोषाधिकारी, लालसोट

अपील संख्या 03/2023

Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 16.02.2023

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उप पंजीयक लालसोट से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उप पंजीयक लालसोट को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उप पंजीयक लालसोट को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2023/100 दिनांक 17.01.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी उप पंजीयक लालसोट ने पत्र कमांकः पंजीयन/2023/52 दिनांक 7.2.2023 के द्वारा वांछित सूचना उप कोषाधिकारी लालसोट से संबंधित होने से उप कोषाधिकारी लालसोट को अपीलांट को सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किये जाकर प्रति अपीलांट एवं इस कार्यालय को भी प्रेषित की गई है। उप कोषाधिकारी लालसोट ने पत्र कमांकः आरटीआई/23/250 दिनांक 15.2.2023 के द्वारा अवगत कराया गया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना से संबंधित पत्रावली/रजिस्टर कार्यालय में उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण नकल नहीं दी जा सकी है। कार्यालय में पत्रावली/रजिस्टर उपलब्ध होने पर सूचना दिया जाना संभव है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को चाही गई सूचना/नकल उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी उप कोषाधिकारी लालसोट को निर्देशित दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 0[illegible] दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। [illegible] पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.07.28 12:48:01 IST
Reason: SelfAttested

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा